सार-समाचार

विश्व शांतियज्ञ का समापन

भरतपुर, (निसं)। 28वां आर्य महासम्मेलन का विश्व शांतियज्ञ का समापन हुआ जिसमें यज्ञ के ब्रह्मा योगेन्द्र याज्ञिक आर्य गुरूकुल होश्गांवाद मध्य प्रदेश ने अपने उदबोधन में बताया कि वेदों में श्रद्धा करना सभी मनुष्यों का कर्तव्य है। महर्षि दयानंद सरस्वती जी द्वारा लिखित सत्यार्थ प्रकाश में सभी शंकाओं का समाधान है। कन्या गुरूकुल, भुसावर से पधारी आचार्या प्रियंका आर्य द्वारा आर्य समाज का भजन द्वारा सभी धर्मप्रेमियों का मन मोहित कर दिया। मीडिया प्रभारी सत्यदेव आर्य ने बताया कि भरतपुर व डीग के 75 प्लस के आर्य समाजीयों का सम्मान किया। कविस्वर सम्राट नरदेव आर्य जी द्वारा अपने भजनों द्वारा बताया कि नारी का संबंध व पुरूष का संबंध किस किस गुणेां को देखकर करना चाहिये। जिस परिवार में वेद का पाठ न हो, वृद्धों का सम्मान न हो वहां संबंध नहीं करना चाहिये। आर्य प्रतिनिधि सभा जयपुर से पधारे प्रतिनिधि अशोक जीं शर्मा व नरदेव जी आर्य ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में समिति के प्रधान राजन सिंह सोलंकी द्वारा सभी आर्य समाजों से आये प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में भरतपुर संभाग के उप प्रधान मानसिंह आर्य, अन्तरंग सदस्य ओमप्रकाश गुंसारा, संरक्षक सत्यदेव आर्य, मंत्री बलवीर सिंह आर्य, कोषाध्यक्ष मूलचंद आर्य, समिति के संरक्षक गिर्राज प्रसाद शर्मा, भरत शर्मा, पदम सिंह आर्य, सौरभ आर्य, एन.डी. शास्त्री, रामसिंह वर्मा, सत्यवीर आर्य नेवाडा, वेद गुंसारा, डीग व भरतपुर के 42 आर्य समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कैंटीन मैनेजर से मारपीट

गंगापुर सिटी, (निसं)। रेलवे स्टेशन पर एक कैंटीन मैनेजर से मारपीट और पेशाब पिलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि मासिक रिश्वत मांगने पर मैनेजर को जीआरपी थाने के क्वार्टर में बुलाकर शराब के नशे में बेरहमी से पीटा गया और जबरन पेशाब पिलाई गई। इस घटना के बाद जीआरपी के एक एएसआई और दो कांस्टेबलों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। प्लेटफॉर्म नंबर-1 स्थित कैंटीन के मैनेजर अजीत सिंह (निवासी भिंड, मध्य प्रदेश) ने एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि 26 मई की रात करीब 9:30 बजे सीएमआई रवि कुमार उनकी कैंटीन पर आए और मासिक बंधी (रिश्वत) की मांग की। जब उन्होंने मना किया, तो सीएमआई ने लाइसेंस रद्द कराने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित अजीत सिंह के अनुसार उसी रात 11 बजे एएसआई भवानी शंकर ने उन्हें सरकारी क्वार्टर पर बुलाया। वहां सीएमआई रवि कुमार, कॉन्स्टेबल दिलीप और मस्तराम पहले से मौजूद थे। आरोप है कि चारों ने शराब के नशे में उनके साथ बेरहमी से मारपीट की और अमानवीय व्यवहार किया। एएसआई भवानी शंकर पर मैनेजर की जेब से 15,700 रुपए निकालने का भी आरोप है। पुलिस ने पीडित का मेडिकल कराया है, जिसमें चोटों की पुष्टि हुई है। इस मामले में जीआरपी कोटा के डीएसपी शकील अहमद ने बताया कि सभी पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। साक्ष्यों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दो दिवसीय पद दंगल 5 जून से

सूरौठ, (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति, सूरौठ के तत्वावधान में समस्त सैनी समाज द्वारा 5 एवं 6 जून 2026 को दो दिवसीय विशाल पद दंगल का आयोजन किया जाएगा , आयोजन को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है तथा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। समिति के सदस्य रामचरण सैनी, जगमोहन सैनी, डॉ. टंडी लाल राजावत, कंचन सैनी, करण सैनी, बाबू हलवाई, भोली सैनी, दीपू सैनी, हरि मोहन पुष्पद एवं सौदान सिंह सैनी भगवान सिंह सैनी देवफूल सैनी सभापति ने बताया कि इस सांस्कृतिक आयोजन में क्षेत्र के अनेक प्रसिद्ध गायक कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने बताया कि पद दंगल में प्रमुख रूप से गायक कलाकार दिनेश सैनी (भूडा बावडी), रामखिलाड़ी सैनी (बसवा), जगन सैनी (नन्देरा) तथा हिण्डौन क्षेत्र के प्रसिद्ध गायक गिर्राज सैनी सहित कई कलाकार भाग लेंगे। कलाकारों द्वारा पारंपरिक लोक गायन, भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिससे कार्यक्रम में आने वाले श्रोता लोक संस्कृति के रंग में रंग जाएंगे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति, पारंपरिक कला एवं सामाजिक मूल्यों से जोड़ना तथा समाज में सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।समिति के अनुसार दो दिवसीय पद दंगल प्रतियोगिता में आसपास के गांवों एवं कस्बों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, कलाकारों और संस्कृति प्रेमियों के पहुंचने की संभावना है, जिससे सूरौठ क्षेत्र में सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता का संदेश भी प्रसारित होगा।

शिवलिंग व शिव परिवार की प्रतिमाएं तोड़ी, आरोपी गिरफ्तार

हिण्डौन सिटी, (निसं)। शहर के सुखदेव पुरा में कोलियों की बगीची स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सोमवार को शराब के नशे में धुत एक युवक ने शिवलिंग समेत शिव परिवार की प्रतिमाओं को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना से इलाके में भारी आक्रोश फैल गया है।जानकारी के अनुसार, आरोपी वीरू कोली सुखदेवपुरा का निवासी है। वह नशे की हालत में मंदिर पहुंचा और शिवलिंग व शिव परिवार की अन्य प्रतिमाओं को तोड डाला। सोमवार सुबह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने जब मंदिर पहुंचकर प्रतिमाओं को खंडित अवस्था में देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी वीरू कोली को घटनास्थल से हिरासत में ले लिया। थाने में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी नशे की हालत में होने की बात सामने आई है।लोगों में आक्रोशघटना की सूचना फैलते ही मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने मंदिर की तोड़फोड़ की निंदा करते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कुछ लोगों ने कहा कि मंदिर में लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ धर्म स्थल पर तोडफोड़ व सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

महंगाई व बेरोजगारी को लेकर प्रदर्शन

गंगापुर सिटी, (निसं)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के विरोध में प्रदर्शन किया। सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर एवं देहात के संयुक्त तत्वावधान में एक रैली निकाली गई, जो मिनी सचिवालय पहुंची। यह रैली देवी स्टोर चौराहे स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। मिनी सचिवालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने उपखंड अधिकारी (एसडीएम) को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण करने, शहर में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। प्रदेश सदस्य मुकेश देहात ने कहा कि कांग्रेस आमजन की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नवीन खां ने युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी को गंभीर चिंता का विषय बताया, साथ ही भर्ती प्रक्रियाओं में देरी पर भी प्रकाश डाला। इस प्रदर्शन में पीसीसी सदस्य मुकेश शर्मा, अब्दुल बहाव, ब्लॉक शहर अध्यक्ष डॉ. नवीन खां, देहात ब्लॉक अध्यक्ष छोटेलाल व्यास, रविकांत मिश्रा, पार्षद आजाद, पार्षद महबूब, शिवलहरी, रामदयाल जाटव, जीतू शर्मा, राकेश छान, शबनम बानो, आकिब खान, मनसुखा मीणा सहित अनेक मौजूद रहे।

नारायणपुर टटवाडा रेलवे स्टेशन पर निर्मित ऑवरब्रिज शुरू

गंगापुर सिटी, (निसं)। दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर नारायणपुर-टटवाड़ा रेलवे स्टेशन के पास गेट नंबर 172-सी पर निर्मित रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) को सोमवार को यातायात के लिए खोल दिया।

लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से बने इस आरओबी के शुरू होने से क्षेत्र की करीब 10 साल पुरानी मांग पूरी हो गई है। इससे तलावड़ा, सपोटरा और हाड़ौती क्षेत्र सहित लगभग 50 गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अब वाहन चालकों को रेलवे फाटक पर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यह मार्ग तलावड़ा क्षेत्र

■ यातायात के सुचारू होने से 50 गांवो को मिलेगा सीधा फायदा

को गंगापुर सिटी और प्रमुख धार्मिक स्थल मां कैलादेवी से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। आरओबी का निर्माण कार्य 10 मई 2023 को शुरू हुआ था और 31 मार्च 2026 को पूरा

आरओबी से संचालित होता ट्राफिक।

हो गया। निर्माण पूरा होने के बाद लगभग डेढ़ माह तक यह पुल उद्घाटन और स्वीकृति के इंतजार में बंद रहा। हालांकि आरओबी के शुरू होने से पहले इसकी डिजाइन और घुमावदार कर्व को लेकर कुछ लोगों ने दुर्घटना की आशंका जताई थी। उनका कहना था कि पुल के दोनों ओर दिए गए मोड अपेक्षाकृत तीखे हैं, जिससे तेज गति से वाहन चलाने पर हादसे की संभावना बन सकती है।

इस पर रेलवे और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आरओबी पूरी तरह आरडीएसओ (रेलवे डिजाइन और मानक संगठन) के स्वीकृत मानकों के अनुरूप बनाया गया है। निर्माण कंपनी एमएमसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रताप सिंह के अनुसार, आरडीएसओ मानकों के तहत अधिकतम 30 डिग्री तक कर्व की अनुमति है, जबकि इस पुल का कर्व 29.5 डिग्री रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि पुल के दोनों ओर घुमाव की दूरी 90 मीटर है और यहां 25 किलोमीटर प्रति घंटे की गति सीमा निर्धारित की गई है।

समीक्षा बैठक

करौली, (निसं)। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने जिले में लम्बित राजस्व प्रकरणों, बजट घोषणाओं और भूमि आवंटन से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लापरवाही एवं गलत रिपोर्ट भेजने वाले पटवारियों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालयों के आदेशों की गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध अनुपालना सुनिश्चित करावें। जिला कलक्टर ने 183(बी) से संबंधित विवादों को संवेदनशीलता के साथ निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहाँ भी कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की संभावना हो, वहाँ पुलिस बल के सहयोग से कार्यवाही अमल में लाई जाए।

आठ दिवसीय जैन धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन

हिण्डौन सिटी, (निसं)। बच्चों एवं युवाओं में धार्मिक संस्कार, नैतिक मूल्य और जैन संस्कृति के प्रति आस्था जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित 8 दिवसीय जैन धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

शिविर में 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 50 बालक-बालिकाओं ने सहभागिता कर जैन धर्म के सिद्धांतों, संस्कारों तथा आदर्श जीवन मूल्यों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में धार्मिक शिक्षण शिविर बच्चों को अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे शिविरों से बालकों में अनुशासन, संयम, करुणा एवं नैतिकता जैसे गुणों का विकास होता है, जो उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।शिविर में अध्यापन कार्य का दायित्व

■ आठ दिवसीय शिविर में जैन धर्म के सिद्धांतों, संस्कारों तथा आदर्श जीवन मूल्यों का प्रशिक्षण प्राप्त किया

सुनीता जैन, रेखा जैन, रविवाला जैन, शशि जैन तथा सतीश चंद जैन ने अत्यंत समर्पण एवं निष्ठा के साथ निभाया। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने जैन धर्म के विभिन्न विषयों का ज्ञान प्राप्त किया तथा धार्मिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

साथ ही शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान एवं समस्त शिविर में उपस्थित रहे बालक बालिकाओं को पारितोषिक वितरण किया गया। समारोह के दौरान शिविर के सफल आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले साधर्मिक भाई-बहनों का बहुमान कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। जैन अलर्ट ग्रुप ऑफ इंडिया, हिण्डौन सिटी के अध्यक्ष एडवोकेट भगवान सहाय जैन एवं सचिव एडवोकेट विवेक जैन ने अध्यापन कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाली साधर्मिक बहनों को सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर श्री जैन श्वेतांबर पल्लीवाल मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन, सचिव नरेश चंद जैन, ज्ञानचंद जैन, राजकुमार जैन, विकास जैन, निर्मल जैन, प्रदीप जैन, गुणवंत दोशी सहित अनेक साधर्मिक भाई-बहन उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने शिविर के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं संस्कारपरक कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

नर्सिंग व लैब टेक्निशियन की सेवाएं समाप्त, रोष व्याप्त

करौली, (निसं)। यहां राजकीय मेडिकल कॉलेज और इससे संबंद्ध जिला चिकित्सालय करौली में प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए कार्यरत नर्सिंग एवं लैब टेक्निशियन की सेवाएं समाप्त करने से उनमें रोष व्याप्त हो गया और सोमवार को जिला चिकित्सालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए सेवाएं यथावत रखने की मांग उठाई। वहीं कार्मिकों के कार्य बंद करने से अस्पताल की लैब में जांच कार्य प्रभावित हो गया। हालांकि स्थायी कार्मिकों ने जांच कार्य किया।प्लेसमेंट एजेंसी से नियुक्त कार्मिकों ने बिना पूर्व सूचना हटाने को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया।

मामले में महाविद्यालय प्रशासन के प्राचार्य रमेश चंद्र मीणा का कहना है कि राजमेस के जरिए मेडिकल कॉलेज के लिए संविदाकार्मिकों की नियुक्ति के आदेश प्राप्त हो गए हैं, ऐसे में संबंधित प्लेसमेंट एजेंसी को पत्र लिखकर एजेंसी की ओर से उपलब्ध कार्मिकों की सेवाएं समाप्त करने के लिए पत्र भेजा गया है।

गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय और एमसीएच में प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए पूर्व में करीब 78 नर्सिंग स्टाफ एवं लैब टेक्निशियन व अन्य कार्मिक लगाए गए थे। गत 27 मई को राजमेस से मेडिकल कॉलेज के लिए 57 नर्सिंग स्टाफ और 26 लैब टेक्निशियन को संविदा पर लगाने के आदेश प्राप्त हुए। ये आदेश मिलने के बाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं नियंत्रक की ओर से संबंधित प्लेसमेंट एजेंसी को पत्र भेजा गया, जिसमें एजेंसी की ओर से पूर्व में मेडिकल कॉलेज और चिकित्सालय के लिए उपलब्ध कराए गए कार्मिकों की सेवाएं 1 जून से समाप्त करने का उल्लेख किया गया। इधर इस आदेश की जानकारी मिलने के बाद प्रभावित प्लेसमेंट एजेंसी के कार्मिकों में रोष उभर आया। उन्होंने अचानक से आदेश जारी होने का आरोप लगाते हुए कार्य बंद कर चिकित्सालय परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि उन्हें सेवा समाप्ति की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। वे सोमवार सुबह नियमित रूप से ड्यूटी पर पहुंचे और कार्य कर रहे थे, तभी करीब 11 बजे उन्हें बताया गया कि उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं और उनकी जगह नए कर्मचारी कार्यभार संभालेंगे। संविदाकर्मियों ने आरोप लगाया कि अचानक लिए गए इस निर्णय से न केवल उनका रोजगार प्रभावित हुआ है, बल्कि अस्पताल की लैब सेवाएं भी बाधित हुई हैं। उनका कहना है कि कई मरीजों की जांच प्रक्रिया अधूरी रह गई, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान उन्होंने कॉलेज प्राचार्य से भी मुलाकात की।

इधर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरसी मीना का कहना है कि पूर्व में प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए कॉलेज और जिला चिकित्सालय में करीब 78 नर्सिंग स्टाफ एवं लैब टेक्निशियन लगाए गए थे।

सीएचसी का किया निरीक्षण

करौली, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की आमजन तक समयबद्ध पहुंच की जानकारी हेतु सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा ने दोपहर पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मासलपुर का निरीक्षण किया, जहां मौके पर पाई गई अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश प्रदान किये। इस दौरान डीपीसी -आईईसी लखन सिंह लोधा मौजूद रहे।

डॉ मीना दोपहर 3 बजे सीएचसी पहुंचे, जहां साफ-सफाई और स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी रोटेशन अनुसार न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की । उन्होंने चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को वार्ड में पलंगों पर बैडसीट लगवाने, परिसर में काऊ कैप्चर लगवाने और मरीजों को समयबद्ध इलाज के लिए पाबंद किया।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा ने कहा कि संस्था पर ओपीडी समय पूर्ण होने पर तुरंत सफाई कराई जाए, जानवरों को परिसर में आने से रोकने के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने वैक्सीन डिपो के बाहर रखे वैक्सीन बॉक्स पर संज्ञान लेते हुए संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए।

महिलाओं ने शराब ठेके के विरोध में प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

हिण्डौन सिटी, (निसं)। बयाना मार्ग पर जाटव बस्ती के मोड स्थित अम्बेडकर सर्किल के निकट चल रही शराब की दुकान का महिलाओं ने विरोध कर प्रदर्शन किया। करौली में अतिरिक्त जिला कलेक्टर और हिंडोन में एसडीएम को ज्ञापन दिया।

स्थानीय जाटव बस्ती की महिलाएं सोमवार को पहले उपखंड कार्यालय पहुंचीं, जहां एसडीएम नहीं मिले। इसके बाद वे पंचायत समिति पहुंचकर एसडीएम हेमराज गुर्जर के समक्ष नाराजगी जताते हुए ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने मांग की है कि अम्बेडकर प्रतिमा के समीप खोली गई शराब की दुकान को एक किलोमीटर दूर स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने बताया कि पहले शराब का ठेका इसी मोड़ पर चल रहा था, जिसके विरोध में उन्होंने दो बार चक्का जाम कर प्रदर्शन किया और उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे थे। विरोध के बाद ठेके को करीब 50 मीटर दूरी पर शिफ्ट कर दिया गया, लेकिन महिलाओं का कहना है कि वह दुकान अब भी जाटव बस्ती के मोड़ के पास ही है जिससे समस्या पहले की तरह

महिलाओं ने एसडीएम हेमराज गुर्जर को ज्ञापन सौंपा।

बनी हुई है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति एवं दलित बस्ती के निकट शराब की दुकान संचालित होने से सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है तथा बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं पर नकारात्मक असर पड रहा है। छेड़छाड़ और अभद्रता की घटनाएं बढ़ गई हैं। महिलाओं की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। एसडीएम हेमराज गुर्जर ने महिलाओं से कहा कि उन्होंने आबकारी विभाग के अधिकारियों को बुलाया है और ठेका को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए उनसे चर्चा करेंगे। इसके अलावा जिला जाटव समाज सुधार समिति करौली-सवाई माधोपुर-दौसा 360 गांव के युवा अध्यक्ष हरिओम ठेकेदार के नेतृत्व में महिलाओं ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर करौली को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। प्रवक्ता रिंकू खेड़ी हैवत ने बताया कि महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे पूर्व की भांति उठा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगी।

सार-समाचार

राजकीय संप्रेषण व किशोर गृह का निरीक्षण

करौली, (निसं)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश प्रताप सिंह मीना ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार सोमवार को राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह, का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गृह में 09 विधि से संघर्षरत बालक उपस्थित मिले। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान बालकों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली तथा बालकों को उनके अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक सेवा प्राधिकरण एवं एलएडीसी की कार्यप्रणाली, नालसा हेल्पलाईन 15100 आदि की जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान गृह में स्थित शौचालयों, रसोईघर, मेडिकल सुविधाओं, खाद्य सामठी कक्ष तथा गृह की मूलभूत सुविधाओं व साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गृह के रसोई घर में रखे हुए आटे के कट्टे पर मियाद अवधि अंकित नहीं पाई गई। खाद्य सामठी कक्ष में साफ-सफाई का अभाव पाया गया एवं रसोई घर में रखा फ्रिज भी साफ सुथरा नहीं पाया गया, जिस पर कार्यवाही करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गृह के अधीक्षक को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। साथ ही विशेष दत्तक गृहण एजेंसी में निवासरत नवजातों के स्वास्थ्य के संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर गर्मी के मौसम में नवजातों का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संप्रेषण गृह अधीक्षक आशीष बंसल, बाल कल्याण समिति के सदस्य दिलीप मीना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निजी सहायक मानवेंद्र सिंह एवं संप्रेषण गृह का स्टाफ मौजूद रहा।

सरोवर पूजन कार्यक्रम का आयोजन

करौली, (निसं)। राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक के करौली दौरे के दौरान रविवार को पांचना बांध पर सरोवर पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में जल संचय, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और पर्यावरण संवर्धन की भावना को सुदृढ़ करना था। वर्तमान में संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में आयोग अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा पांचना सरोवर की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर जिले की सुख, समृद्धि और आगामी मानसून में अच्छी वर्षा की कामना की। सरोवर पूजन कार्यक्रम के बाद आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने पौधारोपण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जल और जंगल का आपस में गहरा संबंध है, जितने अधिक पेड़ होंगे, पर्यावरण उतना ही शुद्ध होगा और वर्षा का चक्र भी उतना ही संतुलित रहेगा। हरियालो राजस्थान और वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के इस संगम के माध्यम से उन्होंने जिले के युवाओं और प्रत्येक नागरिक से आ ान किया कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं तथा केवल पौधे लगाने तक ही सीमित न रहें, बल्कि उनके बड़े होने तक उनकी उचित देखरेख और सुरक्षा का भी जिम्मा उठाए तथा जल स्त्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लखन सिंह, मुख्यमंत्री जनसंपर्क कार्यालय से जनसंपर्क अधिकारी गुंजन शर्मा, सूचना एवं जनसपर्क विभाग के सहायक जनसंपर्क अधिकारी दीपक चक्रवर्ती सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वाटर कूलर भेंट

गंगापुर सिटी, (निसं)। जवाहर नवोदय विद्यालय, जाट बड़ौदा में पूर्व छात्र संगठन उजसा सोसायटी ने एक वाटर कूलर भेंट किया है। साथ ही परिसर में 101 परिंडे बांधकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई। इस पहल का उद्देश्य भीषण गर्मी में विद्यार्थियों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना और पक्षियों के संरक्षण का संदेश देना है। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल चौबसिंह ने परिंडा बांधकर किया। इसके बाद उजसा सोसायटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विद्यालय परिसर में पेड़ों पर 101 परिंडे लगाए और उनमें पानी भरकर पक्षियों के लिए पेयजल सुनिश्चित किया। सोसायटी की ओर से विद्यालय को 40-80 लीटर क्षमता का वाटर कूलर भी प्रदान किया गया। इस अभियान में सोसायटी अध्यक्ष बत्तीलाल मीणा, सचिव धीरसिंह चौधरी, पूर्व अध्यक्ष लाखन सिंह, सत्यप्रकाश, श्रीकांत खंडेलवाल, विश्राम, सविता वर्मा और एन. खंडेलवाल सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से रूप सिंह, राधेश्याम, दिगंबर सिंह, बंटी, कविता, सुरेंद्र, गिरिराज और अशोक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। विद्यालय स्टाफ ने सोसायटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

करौली, (निसं)। राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक के करौली दौरे के अंतर्गत आज क्षेत्र में पर्यावरण चेतना, जन-स्वास्थ्य और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने साइकिल यात्रा के दौरान साइकिल चलाकर आमजन, युवाओं, किसानों और प्रशासनिक अधिकारियों को ईंधन बचाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने तथा शारीरिक स्वास्थ्य को उत्तम बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि रोजमर्रा के छोटे-छोटे प्रयासों और साइकिल जैसे पर्यावरण-अनुकूल साधनों को अपनाकर हम अपने पर्यावरण को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख सकते हैं और देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता में अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं। साइकिल यात्रा का शुभारंभ प्रातः 9 बजे स्थानीय सर्किट हाउस से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हरी झंडी दिखाकर रैली में शामिल साइकिल चालकों को रवाना किया और उसके बाद अध्यक्ष भी साइकिल पर सवार होकर इस जागरूकता यात्रा का नेतृत्व किया। इस दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लखन सिंह, खेल अधिकारी रमेश कुमार गुप्ता, सूचना एवं जनसपंर्क विभाग के सहायक जनसंपर्क अधिकारी दीपक चक्रवर्ती शहर अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निलंबित

करौली, (निसं)। अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक, चन्द्र प्रकाश जाटव ने बताया कि बाइ पास रोड, क्यारदा खुर्द, पेट्रोल पंप के सामने, हिण्डौन सिटी स्थित प्रेम मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर का औषधि अनुज्ञा पत्र अनियमितताएं पाए जाने पर आठ जून से दस जून तक निलंबित कर दिया गया है। औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा क्षेत्र में शुद्ध एवं सुरक्षित दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान के तहत यह कार्यवाही अमल में लाई गई है। उन्होंने बताया कि औषधि निरीक्षक विनीत कुमार मित्तल द्वारा गत दिनों फर्म का औचक निरीक्षण किया गया था। जांच में सामने आया कि निरीक्षण के समय औषधि निरीक्षण पुस्तिका (फॉर्म 35) प्रस्तुत नहीं की गई, जो कि नियमानुसार आवश्यक है। जांच के दौरान रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट मौके पर अनुपस्थित पाए गए साथ ही में यह भी प्रमाणित हुआ कि लाइसेंसी द्वारा बिना डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन के औषधियों का विक्रय किया गया है। लाइसेंसी नें शेड्यूल एच और एच1 जैसी औषधियों को बिना फार्मासिस्ट की उपस्थिति एवं डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन के विक्रय किया।

विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा

भरतपुर, (निसं)। विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने सोमवार को भरतपुर विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जानकर शीघ्र ही समाधान कराने का भरोसा दिलाया। विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर दौरे के प्रथम दिन घुस्यारी, नूरपुर, पीपला आदि गॉवों में पहुंचकर लोगों के सुख-दुख में भागीदारी निभाई और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से उनके क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान ग्रामीण सरदारी ने विधायक डॉ. गर्ग द्वारा उनके क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर विकास को गति देने पर प्रशंसा की तथा कई समस्याओं से भी अवगत कराया। डॉ. गर्ग ने समस्याओं का समाधान कराने का विश्वास दिलाया।

कार्यालय नगर परिषद धौलपुर

क्रमांकः-श्री.अ.र.वो. / न0प0 / धौल / 2026-27 / 237 दिनांकः- 27.05.2026

अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित सूचना

नगर परिषद धौलपुर द्वारा व्यवसायिक हित के स्थान पर सेवाभाव के आधार पर कार्य करने के इच्छुक प्रतिष्ठित गैर शासकीय / धार्मिक / स्वयं सेवी कल्याण कारी संस्था / सहकारी संस्था / फर्म / कार्पोरेट / स्थानीय स्वयं सहायक समूह / क्षेत्र स्तरीय संघ / नगर स्तरीय संघ को रसोईयों के संचालन हेतु अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जाती है।

UBN No.- DLB2627RFP0016

विवरण के लिये देखे www.sppp.rajathan.gov.in

राज.संवाद / सी / 26 / 3864 आयुक्त